म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26,किसान भवन,अरेरा हिल्स,भोपाल

क्रमांक–बी–6 / नियमन / 2020–21 / 306 भोपाल, दिनांक 29/ 04 / 2020

प्रति,

1. **संयुक्त संचालक / उप संचालक**
   म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
   आंचलिक कार्यालय .... (समस्त)
   (म.प्र.)

2. **भारसाधक अधिकारी / सचिव**
   कृषि उपज मण्डी समिति ....(समस्त)
   जिला .... (म.प्र.)

विषयः– हम्माल–तुलावटियों को बिना कार्य के भुगतान करने बावत्।

–0–

कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण अवधि में किसानों की सुविधा की दृष्टि से शासन आदेशानुसार दिनांक 15.04.2020 से प्रदेश की सभी मण्डी समितियों में कृषि विपणन का कार्य प्रारंभ किया गया है। म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के आदेश दिनांक 13.4.2020 द्वारा किसानों की कृषि उपज का क्रय–विक्रय मण्डी प्रांगण के अलावा सौदा–पत्रक के आधार पर प्रायवेट खरीदी केन्द्रों एवं आपसी सहमति से क्रय–विक्रय की अनुमति दी गई है। कतिपय मण्डी समितियों / जिलों से सूचना प्रकाश में आई है कि सौदा–पत्रक में कृषि उपज खरीदी में कृषि उपज का तौल एवं हम्माली का कार्य मण्डी के अनुज्ञप्तिधारी हम्माल–तुलैया द्वारा न किए जाने पर भी किसानों से हम्माली एवं तुलाई की राशि काटी जा रही है।

2. यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे विक्रय संव्यवहार जिनमें तुलाई एवं हम्माली का कार्य सामान्यतः मण्डी प्रांगण के बाहर होता है एवं मण्डी के लायसेंसी हम्माल–तुलैया द्वारा कार्य नहीं किया गया, ऐसे कृषि विपणन संव्यवहार में किसानों से हम्माली एवं तुलाई की राशि काटी जाना विधि प्रकिया के विपरीत है। किसान से इस प्रकार की राशि नहीं काटी जाना सुनिश्चित करें।

अतः उपरोक्त के संबंध में सभी आंचलिक अधिकारी मण्डी समितियों में रेन्डम निरीक्षण कर जांच करें और किसी भी मण्डी समिति में उपरोक्त प्रकार की स्थिति पायी जाती है, तो उसे तत्काल बन्द कराए तथा संबंधित मण्डी सचिव के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जावे।

29.4.20

(संदीप यादव)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र./बी–6/नियमन/2020–21/305 भोपाल,दिनांक 29/04/2020

प्रतिलिपि :–

1. निज सचिव, माननीय मंत्रीजी किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग।
2. प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल।
3. कलेक्टर, जिला ....(समस्त)
4. चीफ प्रोग्रामर, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि मण्डी बोर्ड की वेबसाइट पर अद्यतन कराये।
5. गार्ड फाइल/एमआईएस शाखा/प्रांगण शाखा।

29/04/2020

अपर संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल